न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या	दायर दिनांक	निर्णय दिनांक
331 / 2024	18.06.2024	03.07.2024

उनवान

1. सत्यनारायण पुत्र जगन्नाथ जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
2. आजादी पुत्री जगन्नाथ जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
3. मेवा पुत्री जगन्नाथ जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
4. प्रेम देवी पत्नी जगन्नाथ जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा

प्रार्थीगण

बनाम

1. बदाम पत्नी बक्षु जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
2. देवा पुत्र नारायण गाडरी आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
3. मोहन पुत्र मगना गाडरी आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
4. रमेश चन्द्र पुत्र बालू रेगर आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
5. बंशी पुत्र बालू रेगर आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
6. बद्री पुत्र बालू रेगर आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
7. रामसुख पुत्र धीसा जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
8. काशीराम दत्तक पुत्र धूकल जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
9. भंवर लाल पुत्र हजारी जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
10. नन्दू पत्नी देवी जाट आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
11. देवी पुत्र धीसा गाडरी आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
12. कैलाश पुत्र गोपी ढोली आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
13. वन्दना पत्नी ओमप्रकाश जाति तिवारी आयु वयस्क निवासी ए 90 सुभाषनगर भीलवाड़ा तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
14. बालू पुत्र लाल कुम्हार आयु वयस्क निवासी धूमडास तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
15. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार भीलवाड़ा राज0

–विपक्षीगण

उपस्थितः–अधिवक्ता प्रार्थी पृथ्वीराज चौधरी

अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 14 उपस्थित नहीं

–: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम :–

–: <u>निर्णय</u> :–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा धुमडास प0ह0 रूपाहेली भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र दान्थल तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2069–2073 के खाता संख्या 330 की अभिलिखित आराजियात 409, 419, 420, 421, 422, 425, 49, 52, 748, 97, 98 कुल किता 11 कुल रकबा 7.1571 हैक्टेयर भूमि प्रार्थीगण

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

की खातेदारी एवं कब्जे काश्त की है और अप्रार्थीगण जैर–बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः प्रार्थीगण खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थीगण वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 14 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईश्तदुआ की गई। हाजिर वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन् किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात जैरबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के कम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि मौजा धुमडास प0ह0 रूपाहेली भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र दान्थल तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2069–2073 के खाता संख्या 330 की अभिलिखित आराजियात 409, 419, 420, 421, 422, 425, 49, 52, 748, 97, 98 कुल किता 11 कुल रकबा 7.1571 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से पूर्व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में निशानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की कार्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी न हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर सीमांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000–00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क पर मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया जाकर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा कमिश्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में भिजवाई जावे। निर्णय आज दिनांक 03.07.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन
सहायक कलेक्टर
भीलवाडा